
## खबरों में रहे स्टॉक




**अदाणी एंटरप्राइजेज**





जेवी ने गिरधारी बिल्ड एस्टेट की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा किया
₹ 2,239.5 पिछला बंद भाव
₹ 2,257.8 आज का बंद भाव
0.81 % ▲

**एस्कॉर्ट्स कुबोटा**





कृषि मशीनरी व्यवसाय ने दिसंबर 2025 में 7,577 ट्रैक्टरों की बिक्री की
₹ 3,718.8 पिछला बंद भाव
₹ 3,819.5 आज का बंद भाव
2.7 % ▲

**एपीएल अपोलो ट्यूब्स**





वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 9,16,976 टन की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की
₹ 1,914.5 पिछला बंद भाव
₹ 1,969.7 आज का बंद भाव
2.9 % ▲

**महिंद्रा ऐंड महिंद्रा**




दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी
₹ 3,709.2 पिछला बंद भाव
₹ 3,761.0 आज का बंद भाव
1.4 % ▲

**एनएमडीसी**




लौह अयस्क उत्पादन दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़ा
₹ 83.2 पिछला बंद भाव
₹ 83.6 आज का बंद भाव
0.5 % ▲

## संक्षेप में

### ह्युंडै मोटर के एमडी एवं सीईओ बने तरुण गर्ग

तरुण गर्ग ने ह्युंडै मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) का पदभार गुरुवार को संभाल लिया। दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ह्युंडै मोटर कंपनी की भारतीय इकाई ह्युंडै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की स्थापना के 29 साल बाद, यह पहली बार है जब कोई भारतीय नागरिक इसका नेतृत्त्व कर रहा है। तरुण गर्ग, उनसू किम का स्थान लेंगे जो दक्षिण कोरिया की ह्युंडै मोटर कंपनी (एचएमसी) में महत्वपूर्ण भूमिका में लौट रहे हैं। अपनी नई भूमिका पर गर्ग ने कहा, 'मेरा लक्ष्य मजबूत आधार पर आगे बढ़ते हुए एचएमएल को लगातार वृद्धि, प्रौद्योगिकी नेतृत्त्व और ग्राहक संतुष्टि की राह पर आगे ले जाना है।' *भाषा*

### इरेडा का ऋण वितरण 44 प्रतिशत बढ़ा

भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान ऋण वितरण 44 प्रतिशत बढ़कर 24,903 करोड़ रुपये रहा। इरेडा ने अप्रैल-दिसंबर 2024 में 17,236 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया था। कंपनी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में स्वीकृत ऋण राशि 40,100 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले के 31,087 करोड़ रुपये की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।' *भाषा*

# वाहन बिक्री 2.8 करोड़ के पार

**सोहिनी दास**
मुंबई, 1 जनवरी

वर्ष 2025 में सभी तरह के वाहनों के पंजीकरण का कुल आंकड़ा पहली बार 2.8 करोड़ के पार पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

वर्ष 2023 में 2.4 करोड़ वाहनों की रिटेल बिक्री हुई थी।

इलेक्ट्रिक वाहनों का पूरे साल शानदार प्रदर्शन रहा। 2025 में भारत में 12 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक दोपहिया पंजीकृत हुए, जो उस साल बेचे गए सभी दोपहिया वाहनों का 6.2 प्रतिशत थे। यह कैलेंडर वर्ष 2024 में बेचे गए 11.4 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों से लगभग 12 प्रतिशत ज्यादा हैं।

जहां तक चार पहिया वाहनों की बात है, 'वाहन' के आंकड़ों से पता चला है कि वर्ष के दौरान लगभग 170,000 ईवी की खुदरा बिक्री हुई। यह कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान बेचे गए 90,000 वाहनों से लगभग 90 प्रतिशत अधिक है। इस बीच, वर्ष के दौरान शीर्ष यात्री कार कंपनियों के क्रम में बदलाव देखा। बढ़ोतरी एसयूवी के बल पर आई। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जिससे कोरियाई प्रतिद्वंद्वी ह्युंडै मोटर इंडिया चौथे स्थान पर आ गई। मारुति सुजूकी ने यात्री कारों में बाजार दबदबा बरकरार रखा। टाटा मोटर्स पिछले साल की तरह तीसरे स्थान पर बनी रही।



**बिक्री में उछाल**

- बेचे गए दोपहिया में से 6 प्रतिशत से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन
- चार-पहिया ईवी पंजीकरण में लगभग 90 प्रतिशत की बढ़ोतरी
- मजबूत त्योहारी सीजन और एसयूवी की निरंतर मांग से कुल पंजीकरण में तेजी
- महिंद्रा ऐंड महिंद्रा दूसरे स्थान पर पहुंची, जिससे कोरियाई प्रतिद्वंद्वी ह्युंडै मोटर इंडिया चौथे स्थान पर खिसक गई
- मारुति सुजूकी ने यात्री कारों में बाजार दबदबा बरकरार रखा

चार ओईएम के लिए कुल पंजीकरण की संख्या लगभग 35 लाख वाहन बढ़ गई जो मजबूत त्योहारी सीजन और एसयूवी की निरंतर मांग के बल पर कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में सालाना आधार पर लगभग 8.4 प्रतिशत अधिक है।

उद्योग के सूत्रों द्वारा एकत्र वाहन डेटा (तेलंगाना को छोड़कर) से पता चलता है कि मारुति सुजूकी इंडिया ने 17.8 लाख वाहनों के साथ कैलेंडर वर्ष 2025 में अपना दबदबा कायम रखा। उसकी सालाना आधार पर 8.8 फीसदी वृद्धि रही।

मासिक आधार पर मारुति की बिक्री फरवरी में और फिर जून-सितंबर के मॉनसून के महीनों में कम हो गई। लेकिन कंपनी ने अक्टूबर 2025 में तेजी से वापसी की और त्योहारी मांग व नए मॉडलों के बल पर 243,327 वाहनों की उच्चतम मासिक बिक्री दर्ज की।

एमऐंडएम इस साल सबसे ज्यादा बढ़त बनाने वाली कंपनी रही। उसकी बिक्री में साल-दर-साल 20 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ और यह 588,994 वाहन तक पहुंच गई, जो उसकी प्रतिस्पर्धी दूसरी कंपनियों में सबसे अच्छी बढ़ोतरी है।

टाटा मोटर्स ने 565,982 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के मुकाबले 5.6 प्रतिशत ज्यादा है।

# इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पंजीकरण 27.5 फीसदी बढ़ा

**सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 1 जनवरी

**दिसंबर** 2025 में इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) के पंजीकरण का आंकड़ा बढ़कर 93,619 हो गया। यह पिछले साल के मुकाबले 27.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। हालांकि, यह 2025 में एक महीने में पंजीकरण का दूसरा सबसे कम आंकड़ा था। इससे पहले मासिक आधार पर सबसे कम पंजीकरण फरवरी में हुए थे।

**टीवीएस ने दिसंबर में प्रतिद्वंद्वी बजाज पर बड़ी बढ़त हासिल की**

'वाहन' के दिसंबर के आंकड़ों के अनुसार टीवीएस ने कुल इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार का एक-चौथाई से ज्यादा हिस्सा (26.7 प्रतिशत शेयर) हासिल करके अपनी प्रतिद्वंद्वी बजाज ऑटो पर बड़ी बढ़त बना ली है। अक्टूबर और नवंबर में बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी के बाद दिसंबर में बजाज ऑटो की रफ्तार धीमी पड़ गई। उन दोनों महीनों में उसने 22 फीसदी की भागीदारी के साथ 25,698 गाड़ियों का पंजीकरण किया था। हालांकि दिसंबर में उसके पंजीकरण घटकर 18,790 रह गए और बाजार भागीदारी 20 प्रतिशत पर आ गई। लेकिन वह अभी भी दूसरे स्थान पर है। इस बदलाव ने एथर एनर्जी को बजाज ऑटो के करीब आने का मौका दिया है और दोनों के बीच का अंतर साफ तौर पर घट रहा है। दिसंबर में एथर ने 17,052 पंजीकरण किए जो कुल बाजार के 18.2 प्रतिशत थे। नवंबर में दोनों के बीच 5,213 गाड़ियों का अंतर था, जो घटकर 1,738 गाड़ियों पर आ गया है।

हीरो मोटोकॉर्प की विडा ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। ओला इलेक्ट्रिक के दिसंबर में इस साल एक महीने में 9020 रजिस्ट्रेशन हुए और वह 9.6 प्रतिशत के साथ हीरो से पीछे थी।

पूरे साल 2025 में, टीवीएस ने कुल पंजीकरण में 24.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ टॉप पोजीशन हासिल की, जो 12.3 लाख तक पहुंच गए। दूसरा स्थान बजाज का 21.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ रहा। हालांकि, बेंगलूरु की एथर 2025 में 16.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ओला इलेक्ट्रिक को बहुत कम अंतर से पीछे छोड़ने में कामयाब रही।

# दिसंबर में ओला इलेक्ट्रिक की बाजार हिस्सेदारी में हुआ इजाफा

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 1 जनवरी

**ओला** इलेक्ट्रिक ने कहा कि हाइपरसर्विस से जुड़े बदलाव के शुरुआती नतीजों से उसकी मांग और बाजार हिस्सेदारी बढ़ने लगी है। 'वाहन' डेटा के अनुसार इलेक्ट्रिक-स्कूटर निर्माता ने दिसंबर में 9,020 वाहनों का पंजीकरण किया जिससे उसकी मासिक बाजार हिस्सेदारी नवंबर के 7.2 प्रतिशत से बढ़कर 9.3 प्रतिशत हो गई। दिसंबर के दूसरी पखवाड़े में बाजार हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 12 प्रतिशत हो गई, जिससे मजबूत रफ्तार का संकेत मिलता है।

कंपनी ने कहा कि इन बदलावों के कारण ओला इलेक्ट्रिक को दिसंबर के दौरान लगभग एक दर्जन राज्यों में शीर्ष तीन ईवी कंपनियों में शामिल होने में मदद मिली। इन राज्यों में तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब और हरियाणा जैसे प्रमुख बाजार शामिल हैं।

ओला इलेक्ट्रिक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भवीश अग्रवाल ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता तेजी और अनुशासन के साथ बुनियादी सेवा को ठीक करना है। हाइपरसर्विस एक केंद्रित कार्यक्रम है, न कि अल्पकालिक समाधान। हम पहले से ही ग्राहक अनुभव, बाजार हिस्सेदारी और बुकिंग की तेज रफ्तार के स्पष्ट परिणाम देख रहे हैं।'



**हाइपरसर्विस की पेशकश से इलेक्ट्रिक-स्कूटर निर्माता कई राज्यों में शीर्ष-3 कंपनियों में फिर से शुमार**

ओला इलेक्ट्रिक का बजाज ऑटो, टीवीएस और एथर एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ मुकाबला है। तेजी से विस्तार के बीच सेवा में बाधा का सामना करने के बाद कंपनी ने अपने सर्विस तंत्र को ढांचागत रूप से मजबूत करने के लिए हाइपरसर्विस शुरू की। यह प्रोग्राम पुराने मामलों के समाधान, वर्कफोर्स क्षमता, पार्ट्स की उपलब्धता और कस्टमर सेल्फ-सर्विस को सीधे मदद पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है, जो बड़े पैमाने पर मांग को बढ़ावा देने वाले मुख्य कारक हैं। कंपनी ने कहा कि इस प्रोग्राम से सेवा संबंधित समाधान की स्पीड में काफी सुधार आया है। इसमें दिसंबर 2025 में 77 प्रतिशत सर्विस रिक्वेस्ट उसी दिन पूरी हो गईं।

कंपनी अपनी सर्विस वर्कफोर्स में 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों को बढ़ा रही है, जिसे एक स्टैंडर्ड ट्रेनिंग फ्रेमवर्क की मदद मिलेगी ताकि संख्या बढ़ने पर भी सर्विस की लगातार क्वालिटी बनी रहे और ज्यादा प्रोडक्टिविटी आए।

### 'विनजो' ऐप के लेन-देन पर रोक लगी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप 'विनजो' की अकाउंटिंग फर्म में तलाशी अभियान चलाया और 192 करोड़ रुपये की नई बैंक जमा राशि, म्युचुअल फंड और सावधि के लेन-देन पर रोक लगा दी है। *भाषा*

# लैब में तैयार हीरे की बढ़ रही चमक

**अनीका चटर्जी**
बेंगलूरु, 1 जनवरी

**भारत** का लैब में बना हीरे का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि मांग में बढ़ोतरी हो रही है और विस्तार के बीच फंडिंग में भी तेजी आई है।

कभी खास माने जाने वाले लैब में तैयार हीरे अब मुख्य रिटेल बाजार में अपनी जगह बना रहे हैं और देश के सबसे बड़े ज्वैलरी रिटेलर टाइटन की एंट्री से इसे और भी बढ़ावा मिला है। इस कैटेगरी की कंपनियां भी उत्साहित हैं क्योंकि इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

टाइटन के प्रवेश को इस श्रेणी के लिए एक अहम मोड़ के तौर पर देखा जा रहा है।

एलेव लैब डायमंड्स के मुख्य कार्याधिकारी प्रजय मगनलाल ने कहा, 'बीयॉन के जरिये टाइटन की एंट्री इस कैटेगरी के लिए सकारात्मक है। इससे उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बड़े पैमाने पर लैब-निर्मित हीरों को मान्यता मिलेगी और आखिरकार सभी उत्साहित कंपनियों को फायदा होगा।'

टाटा के स्वामित्व वाले ब्रांड टाइटन ने 'बीयॉन' के साथ लैब-निर्मित हीरा बाजार में प्रवेश किया है और 29 दिसंबर को मुंबई में अपना पहला एक्सक्लूसिव स्टोर खोला। इसके बाद इस फॉर्मेट को दिल्ली में भी शुरू किया जाएगा और यह उसके मौजूदा ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क, मिया और जोया से अलग काम करेगा।

जून में, इस सेक्टर में सबसे बड़ी फंडिंग में से एक गीवा को मिली, जो 'हीर' नाम से लैब-निर्मिता हीरा ब्रांड चलाती है), जिसने अपने सीरीज सी राउंड में 530 करोड़ रुपये जुटाए। इसका नेतृत्व ग्रोथ-स्टेज इन्वेस्टर क्रीएजिस ने किया, जिसमें प्रेमजी इन्वेस्ट, एडलवाइस डिस्कवरी फंड और अन्य ने भी हिस्सा लिया।

**अवसर पर नजर**

- टाइटन के प्रवेश को इस श्रेणी के लिए एक महत्त्वपूर्ण मोड़ के तौर पर देखा जा रहा है
- टाटा के स्वामित्व वाले ब्रांड टाइटन ने 'बीयॉन' के साथ लैब-निर्मित हीरा बाजार में प्रवेश किया है

बेंगलूरु की गीवा के अभी 280 स्टोर हैं और मार्च 2026 तक उसकी योजना 340 से ज्यादा आउटलेट खोलने की है, जिसमें वित्त वर्ष 2026 में लगभग 45 फीसदी नए स्टोर जोड़े जाएंगे। अगले तीन साल में, यह ब्रांड पूरे भारत में टियर 1, 2 और 3 शहरों में लगभग 800-1,000 स्टोर तक विस्तार करने का इरादा रखता है।

सप्लाई चेन कंट्रोल को बेहतर बनाने और ज्यादा बिक्री में मदद के लिए जयपुर में एक नई निर्माण इकाई भी बन रही है।

अग्रवाल का मानना है कि लैब में तैयार हीरे भारतीय आभूषण खपत में व्यावहारिक बदलाव ला सकते हैं, जिससे निवेश-आधारित खरीदारी से हटकर रोजाना पहनी जाने वाली फाइन ज्वैलरी की तरफ रुझान बढ़ेगा।

ANAND RATHI

आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड
एक्सप्रेस जोन, ए विंग, 8वां तल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पू.), मुंबई– 400 063, भारत
मोबाइल : +91 9813887931, वेबसाइट : www.rathi.com

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप में निम्न वर्णित उधारकर्ता/ सह–उधारकर्ता/ओं / गारंटरों को सूचित किया जाता है कि अन्य बातों के साथ–साथ आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड (''एआरजीएफएल'') (प्रतिभूत ऋणदाता) के पास प्रतिभूत निम्न विवरणित **अनुसूचीगत** अचल संपत्ति जिसका ऋण खाता सं. **APPL00010461** है, उसका रचनात्मक अधिग्रहण एआरजीएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है, का विक्रय निम्न वर्णितानुसार उधारकर्ता / सह–उधारकर्ता/ओं / गारंटरों की ओर से, **अनुसूची** में विशिष्ट रूप में अंकित कुल राशि तथा राशि पर संविदागत ब्याज तथा वसूलीकरण की तिथि तक अन्य लागत एवं शुल्कों की वसूली के लिये ''जैसी है जहां है'' एवं ''जैसी है जो है'' तथा ''वहां जो कुछ भी है'' आधार पर **अनुसूची** में विशिष्ट रूप में अंकित तिथि पर वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से एक ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा किया जायेगा :

**उधारकर्ता का नाम : (1) श्री ललित सिंगला (दिवंगत) (उधारकर्ता) के समस्त कानूनी वारिस** मकान सं. 1974, सेक्टर 28, फरीदाबाद, सेक्टर–29 फरीदाबाद, हरियाणा – 121008

सह–उधारकर्ता / ओं के नाम : (2) मैसर्स कृष्णा साड़ी (सह–उधारकर्ता), 747/2, लिंक रोड, पुराना फरीदाबाद मुख्य बाजार, शंकर कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा– 121002 (3) श्रीमती मोनिका सिंगला (सह–उधारकर्ता), मकान नं. 1974, सेक्टर 28, फरीदाबाद, सेक्टर 29, फरीदाबाद, हरियाणा– 121008

**संपत्ति पता** : संपूर्ण भू तल, छताधिकारों (तल) के बिना, सं. 1974 धारक संपत्ति पर निर्मित, माप 350 वर्ग गज, सेक्टर–28, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, तहसील एवं जनपद– फरीदाबाद, हरियाणा, भारत में स्थित। संपत्ति की **सीमायें :– पूर्व–** भूखंड सं. 1972, **पश्चिम–** भूखंड सं. 1976, **उत्तर–** सड़क 30 फुट चौड़ी, **दक्षिण–** भूखंड सं. 2010

| | |
|---|---|
| बकाया राशि (भविष्य के ब्याज और लागत के साथ मांग सूचना के अनुसार) | **रु. 1,00,07,673/–** (रुपये एक करोड़ सात हजार छह सौ तिहत्तर मात्र) |
| नीलामी की तिथि | 6 फरवरी 2026 |
| आरक्षित मूल्य | **रु. 1,71,61,200/–** (रुपये एक करोड़ इकहत्तर लाख इकसठ हजार दो सौ मात्र) |
| धरोहर राशि जमा | आरक्षित मूल्य का 10% |
| अधिग्रहण स्थिति | साँकेतिक अधिग्रहण |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 10,000/– |
| इच्छुक क्रेताओं के लिये संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 27 जनवरी 2026 मध्या. 11 से अप. 4 बजे |
| केवाईसी प्रलेखों/ईएमडी प्रमाण इत्यादि के साथ निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की तिथ एवं समय | 3 फरवरी 2026 को अप. 4.00 बजे तक केवाईसी प्रलेखों के साथ |
| ऑनलाइन प्रस्ताव खोलने की तिथि एवं समय | 6 फरवरी 2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1.00 बजे के मध्य |

**नोट : इच्छुक बोलीदाता/क्रेता नीलामी प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत निबंधनों एवं शर्तों के लिये आनंद राठी ग्रुप वेबसाइट www.rathi.com देख सकते हैं।**

**यह प्रकाशन उपरोक्त उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/ओं/गारंटर के लिये प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) एवं 8(5) के अंतर्गत निर्धारित 30 दिवसीय सूचना भी है।**

दिनाँक : 01 जनवरी 2026
स्थान : दिल्ली
आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
Central Office,763, Anna Salai, Chennai - 600002

**1. सरकारी ई-मार्केट पोर्टल – संपूर्ण भारत में 3 वर्ष (2025–2028) की अवधि के लिए वेब-आधारित पोर्टल के माध्यम से एंड-टू-एंड ट्रैकिंग सहित एकीकृत लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सहायता हेतु सेवा प्रदाता के चयन के संबंध में।**

**बोली सं: - जीईएम/2025/बी/ 7051643 दिनांक 29.12.2025**

**2. सरकारी ई-मार्केट पोर्टल – बैंक के निदेशक मंडल तथा उनकी उप-समितियों के प्रदर्शन मूल्यांकन तथा निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए परामर्श/सलाहकार फर्मों की नियुक्ति।**

**बोली सं: - जीईएम/2025/बी/ 7053089 दिनांक 29.12.2025**

उपर्युक्त निविदा के लिए जीईएम दस्तावेज उल्लिखित वेबसाइटों पर **www.iob.bank.in** एवं **www.gem.gov.in** उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा का विवरण और भविष्य में किए जाने वाले किसी भी संशोधन के लिए, उक्त वेबसाइट **www.gem.gov.in** का संदर्भ लेते रहें ।

TATA POWER-DDL
**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड**
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

**निविदा सूचना आमंत्रित** Jan 02, 2026

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिक्री | बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|
| **TPDDL/ENG/ENQ/200001895/25-26** SITC of 66/11 KV GIS Grid Substation at RG21 | 26.90 Crs/ 42.36 Lac | 05.01.2026 | 27.01.2026;1500 Hrs/ 27.01.2026;1530 Hrs |
| **TPDDL/ENG/ENQ/200001899/25-26** DSITC and Comprehensive Annual Technical Support of BESS across various locations in Delhi, with a cumulative capacity of 100MW/ 200MWh and 14.5MW/14.5MWh | 350 Crs/ 50 Lac | 05.01.2026 | 27.01.2026;1600 Hrs/ 27.01.2026;1630 Hrs |

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.
**ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
**पजीकृत कार्यालय :** 9, एम.पी. नगर, 1 स्ट्रीट, कोन्गू नगर एक्सटेंशन, तिरुपुर – 641607
**कार्पोरेट कार्यालय :** कोहिनूर स्क्वेयर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक दादर(वेस्ट), मुंबई– 400028

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]**
**कब्जा सूचना** (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (''सरफैसी अधिनियम,2002'') की धारा 3 के अंतर्गत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में विधिवत पंजीकृत; जिसका CIN:U67100TZ2014PTC020363 और जिसका पंजीकृत कार्यालय पता: 9 एम पी नगर, प्रथम गली, कोन्गू नगर एक्सटेंशन, तिरूपुर 641607 और कॉर्पोरेट कार्यालय: कोहिनूर स्क्वेयर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक दादर(वेस्ट), मुंबई– 400028, ने **ओमकारा पीएस 26/2024–25** ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता से **सुनिल कुमार (उधारकर्ता/बंधककर्ता) और मनीषा सैनी (सह–आवेदक/बंधककर्ता/गारंटरों)** संग अंतर्निहित प्रतिभूतियां एबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, (इसके बाद समनुदेशक वित्तीय संस्थान से ज्ञात) से वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत द्वारा अभिहस्तांकन अनुबंध दिनांकित 27.03.2025 के पूर्ण बकाया के सभी अधिकारों, शीर्षकों और ब्याज का अधिगृहण किया है।

और चूंकि, अधोहस्ताक्षरी समनुदेशक वित्तीय संस्थान का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 13(12) के सहपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में, दिनांक **24/07/2025** को मांग सूचना जारी करते हुए उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं/ सह–उधारकर्ताओं/गारंटरों को सूचना में उल्लेखित **रुपये 12,75,226/– (रुपये बारह लाख पचहत्तर हजार दो सौ छब्बीस मात्र)** की देय राशि दिनांक **30.06.2025** प्लस उस पर संविदात्मक दर(रों) पर ब्याज/अवास्तविक ब्याज संग आकास्मिक व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि,उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर भुगतान की दिनांक तक चुकाने की मांग की गई है।

उधारकर्ताओं/सह–उधारकर्ताओं/गारंटरों राशि चुकाने में विफल रहे है और अनुबंध समझोते के अ नुसार औएआरपीएल ने समनुदेशक वित्तीय संस्थान के स्थान को गृहण कर और पूरे बाकाय देनदारियों की वसूली करने और प्रत्याभूत को प्रवर्तीत करने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। **ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी, जिन्हें सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप–धारा (12) के तहत विधिवत नियुक्त किया गया है, ने अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस **30 दिसंबर, 2025** को निम्न वर्णित प्रत्याभूत संपत्ति पर कब्जा प्राप्त कर लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ताओं को और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे कथित संपत्ति के साथ किसी प्रकार का लेनदेन न करें और उनके द्वारा किया गया किसी भी प्रकार का लेनदेन ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड अपनी क्षमता से **ओमकारा पीएस26/2024–25** ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: कोहिनूर स्क्वेयर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक दादर(वेस्ट), मुंबई– 400028 को राशि **रुपये 12,75,226/– (रुपये बारह लाख पचहत्तर हजार दो सौ छब्बीस मात्र)** की देय राशि दिनांक **30.06.2025** की देय राशि संग उस पर अर्जित ब्याज/अवास्तविक ब्याज, संविदात्मक दर(रों) पर आकस्मिक व्ययों, लागतों, प्रभारों आदि के सहित प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं/ सह–उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं का ध्यान उपलब्ध समय के संबंध में, प्रत्याभूत परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8 के प्रावधानों पर आकर्षित किया जाता है।

उपरोक्त खाते में ओएआरपीएल को बंधक/प्रभारित/सौंपी गई /दृष्टिबंधक/संपत्तियों/परिसंपत्तियों का विवरण और जिनका कब्जा प्रा त ‍ लिया गया है, यहां दिया गया है:

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

मकान सं. 148, पूर्व मुखी मकान मापक 54.46 वर्ग मीटर माप पूर्व 24 फुट 2.5 इंच, पश्चिम 24 फुट 2.5 इंच,उत्तर 24 फुट 2.5 इंच, दक्षिण 24 फुट 2.5 इंच, मोहल्ला हाफिज दोस्त कस्बा थाना भवन तहसील शामली जिला शामली, उत्तर प्रदेश – 247777, **सीमांकन :** पूर्व : 5 फुट चौड़ी गली रास्ता, पश्चिम : हनीफ का मकान, उत्तर : महेंद्र का मकान, दक्षिण : हनीफ का मकान

दिनांक : 30.12.2025
स्थान : उत्तर प्रदेश
प्राधिकृत अधिकारी
प्रति ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(अपनी क्षमता से ओमकारा पीएस26/2024–25 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति के लिए)

परिशिष्ट IV (नियम 8(1)) के अनुसार वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के अन्तर्गत

सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट "एनफोर्समेंट" नियम 2002 के नियम 3 के नियमानुसार तथा सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **बैंक ऑफ बड़ौदा, मसवासी शाखा रामपुर** के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी/गारन्टरों और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। ऋणी/गारन्टरों को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के सम्बन्ध मे किसी प्रकार का लेन-देन न करें इस सम्पत्ति से किसी प्रकार का लेन-देन **बैंक ऑफ बड़ौदा, मसवासी शाखा रामपुर** को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज व चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है। (कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता हैं)

| क्र0 सं0 | ऋणी/गारन्टर के नाम | बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तारीख / कब्जा नोटिस की तारीख | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखाः मसवासी, रामपुर** 1. मैसर्स ए के सब्जी भण्डार, प्रो0- श्री मौहम्मद अय्यूब **(ऋणी)**, पताः दुकान नं0 187, वार्ड नं0 4, मसवासी, रामपुर-244924, **2.** श्री मौहम्मद अय्यूब पुत्र मौहम्मद याकुब **(प्रोपराइटर)**, पताः 124, एबीपी कॉलोनी, सिविल लाईन, रामपुर- 244924, **3.** श्री मौहम्मद आज़म पुत्र स्व0 मौहम्मद अय्यूब **(गारन्टर)**, पताः 187, नगर पंचायत मसवासी, जिला- रामपुर- 244924, **4.** श्रीमती तबस्सुम पत्नी मौहम्मद आज़म **(बंधककर्ता)**, पताः 187, नगर पंचायत मसवासी, जिला- रामपुर- 244924 | बंधक दिनांक 16.10.2019, आवासीय मकान स्वामी तबस्सुम पत्नी मौहम्मद आज़म, स्थित ग्राम- केलाखेड़ा, तहसील- बाजपुर, उधम सिंह नगर, खाता नं0 00157, खसरा नं0 314 मिन, माप क्षेत्रफल 1050 वर्ग फीट। सीमाएँः रजिस्ट्री के अनुसारः पूर्वः 25 फीट/ जूम्मा का मकान, पश्चिमः 25 फीट/ सरकारी ग्राम रोड, उत्तरः 42 फीट/ 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः 42 फीट/ अब्दुल रहमान का मकान। साइट के अनुसारः पूर्वः 25 फीट/ जूम्मा का मकान, पश्चिमः 25 फीट/सरकारी ग्राम रोड, उत्तरः 42 फीट/ 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः 42 फीट/ अब्दुल रहमान का मकान। | 17.06.2025 / कब्जा नोटिस की तारीख 29.12.2025 | **रू0 17,60,029.81** + ब्याज दिनांक 30.04.2025 तक + कॉन्ट्रैक्टड रेट दिनांक 01.05.2025 से कानूनी एवं अन्य खर्चें |
| 2. | **शाखाः मसवासी, रामपुर** 1. श्री मौहम्मद आज़म पुत्र मौहम्मद अय्यूब **(ऋणी)**, पताः दुकान नं0 187, वार्ड नं0 4, मसवासी, रामपुर- 244924, 2. श्री मौहम्मद अय्यूब पुत्र मौहम्मद **(प्रोपराइटर/बंधककर्ता)**, पताः 124, एबीपी कॉलोनी, सिविल लाईन, रामपुर- 244924 | बंधक दिनांक 17.09.2019, आवासीय मकान एक उत्तर फेसिंग जी + 1, मकान मसवासी, जामा मस्जिद के पीछे, वार्ड नं0 6, तहसील- स्वार, जिला- रामपुर, क्षेत्रफल 110.35 वर्ग मीटर। सीमाएँ:- विक्रय विलेख के अनुसारः पूर्वः रास्ता, पश्चिमः डॉ0 केएस वर्मा का मकान वर्तमान में कोतवाल का मकान, उत्तरः रामकिशोर का मकान, वर्तमान में पब्लिक स्कूल, दक्षिणः गज्जू सिंह का मकान। | 17.06.2025 / कब्जा नोटिस की तारीख 29.12.2025 | **रू0 22,24,046.22** + ब्याज दिनांक 30.04.2025 तक + कॉन्ट्रैक्टड रेट दिनांक 01.05.2025 से कानूनी एवं अन्य खर्चें |

दिनांकः 01.01.2026
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

दिल्ली संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नीतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210-211, सेक्टर-63 नोएडा-201301 उ.प्र. और पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 10, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302015 से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 011-23720202/23762742
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं